पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश द्वारा 'प्रोजेक्ट SAFE' का शुभारम्भ, 20 जनपदों के मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

लखनऊ : 03 नवम्बर, 2026

बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), लखनऊ में 'प्रोजेक्ट SAFE' का शुभारम्भ मा० प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें उत्तर प्रदेश के 20 जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जनपद में प्रोजेक्ट SAFE का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षकों को तैयार करना था। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अपने–अपने जनपदों में बालिकाओं के लिए जागरूकता एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को SAFE के चार प्रमुख आधार–Safety (सुरक्षा), Awareness (जागरूकता), Fortitude (साहस) एवं Empowerment (सशक्तिकरण) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही Infopercept के सहयोग से साइबर सुरक्षा सत्र आयोजित कर ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

प्रशिक्षण के उपरांत साइबर जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों को स्मृति–चिह्न एवं सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

सम्पर्क सूत्र– रवि यादव

राम यतन / 04:35 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in